रयत शिक्षण संस्था, सातारा.

कक्षा - ७ वी | प्रथम सत्र परीक्षा २०२४-२५ | अंक - ५०

समय - २.३० घंटे | विषय - हिंदी | पेजेस - ४

सूचना-१) सूचना के अनुसार गद्य, पद्य, पूरकपठन, भाषा अध्ययन (व्याकरण) की आकलन कृतियों में आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित है ।

२) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग कीजिए ।

३) रचना विभाग में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए आकृतियों की आवश्यकता नही है ।

४) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्च लेखन अपेक्षित है ।

## विभाग : १ गद्य (अंक १८)

१. अ) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए। ६

कल तुमसे बात हुई। मेरे सुख-दुख के संबंध में पूछा। धन्यवाद ! बहुत सारी बातें मन में है, सब कुछ दूरध्वनि पर कहना मुश्किल है ! सोचा; पत्र ही लिखूँ।

अब मैं अपना दुखडा क्या रोऊँ ? चलिए, इस बार कुछ अच्छी बातें भी तुमसे साझा करता हूँ। 'डिजिटल' क्रांति का थोडा असर हमारे गाँव में भी दिखाई पडने लगा है । 'मोबाईल' के माध्यम से नित नवीन सूचनाएँ हम तक पहुँचने लगी हैं । 'स्वच्छ ग्राम-स्वास्थ ग्राम' परियोजना 'घर - घर तक पहुँच गई है । ग्रामजनन भी शिक्षा स्वास्थ, रोजगार खेती के नवीन औजारों और आधुनिक खेती की पद्धतियों को थोडा-थोडा जानने लगे है। घर-घर में शौचालय' जैसी सुविधा के प्रति लोग जागरुक हो रहे हैं।

१) संजाल पूर्ण करो । २

ग्रामजन भी इन चीजों को थोडा-थोडा जानने लगे हैं।

२) सही या गलत लिखिएं । १

अ) 'डिजिटल' क्रांति का थोडा असर हमारे गाँव में भी दिखाई पडने लगा हैं।

ब) 'घर - घर में शौचालय' जैसी सुविधा के प्रति लोग जागरुक नहीं हो रहे हैं।

३) निम्नलिखित वर्णों से सार्थक शब्द बनाकर लिखो । १

अ) जिलडिट - ब) बालमोड -

४) स्वमत अभिव्यक्ति । २

गावों में अभि भी कौन -कौन सी समस्याएँ हैं ।

ब) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए । ६

बालासोर में अंतरिम परीक्षण का काम पूरा होने में अब भी कम-से-कम एक साल की देरी थी। हमने पृथ्वी के प्रक्षेपण के लिए श्री हरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र में विशेष सुविधाएँ स्थापित कीं। इनमें से एक लॉन्च-पैड, ब्लॉक-हाऊस, नियंत्रण उपकरण तथा चलित दूर-मिति केंद्र शामिल थे ।

'पृथ्वी' उपग्रह को पच्चीस फरवरी उन्नीस सौ अट्ठासी को सुबह ग्यारह बजकर तेईस मिनटपर छोडा गया। यह देश के रॉकेट विज्ञान के इतिहास में एक युगांतरकारी घटना थी। निर्देशित मिसाईलों के क्षेत्र में एक आत्मनिर्भर देश के रूप में पृथ्वी के उद्भव ने संसार के सभी विकसित देशों को विचलित कर दिया। सामर्थ्यशील नागरिक अंतरिक्ष उद्योग और व्यवहार्य मिसाईल आधारित सुरक्षा प्रणालियों ने भारत को चुनिंदा राष्ट्रों के समूह में पहुँचा दिया था।

१) आकृति पूर्ण कीजिए। २

श्री हरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र में ये सुविधाएँ स्थापित कीं गई।

२) एक शब्द में उत्तर लिखिए। १

अ) पृथ्वी का प्रक्षेपण कहाँ होनेवाला था ?

ब) चुनिंदा राष्ट्रों के समूह में किसे पहुँचा दिया था ?

३) समानार्थी शब्द लिखो। १

अ) पृथ्वी = ब) साल =

४) स्वमत अभिव्यक्ति : २

'आत्मनिर्भरता' विषय पर सात-आठ वाक्य लिखो।

क) निम्नलिखित परिच्छेद पढकर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए। ६

"हंसो मत ..... ! कोई कुछ कर सकता है तो वह हम ही हैं," आत्मविश्वास भरा यह स्वर दामिनी का था। " हर समस्या का निदान संभव है। प्रकृति ने विचार करने के लिए हमें बुध्दी दी है। मुझे विश्वास है कि हम सब मिलकर विचार करेंगे तो कोई न कोई रास्ता अवश्य मिलेगा। कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। 'दामिनी की बातों ने बातचीत का माहौल बदल दिया। हर कोई गंभीर होकर समस्या के हल के बारे में सोचने लगा।' "हल मिल गया। हम बरसात में भी पाठशाला जा सकते हैं," आशीष की आंखों में चमक और स्वर में उत्साह था। "कैसे ? "सबने एक साथ पूछा। "हम नाले पर पुल बनाएंगे।" "पुल ..... !" मित्रों के स्वर में आश्चर्य को भाँपकर आशीष ने आत्मविश्वासपूर्वक उत्तर देते हुए कहा, "हाँ पुल। विज्ञान की पुस्तक में हम सबने पुल की जानकारी पढी हैं। जब कभी शहर गए हैं , बडे-बडे पुल देखे भी हैं। अंतरजाल से हम जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। गाँव का नाला बहुत ज्यादा चौडा नहीं हैं। हमें लगभग दस फीट का पुल बनाना होगा।

१) आकृति पूर्ण कीजिए। २

दामिनी से सबको चुप कराते हुए यह कहाँ -

२) नीचे लिखे वाक्य किसने किससे कहे हैं ? १

अ) "हल मिल गया ।"

ब) "जब कभी शहर गए हैं, बडे-बडे पुल देखे भी हैं ।"

३) परिच्छेद में आए दो विरामचिंन्हो के नाम लिखो । १

अ) ____ ब) ____

४) स्वमत अभिव्यक्ति : २

"सफलता के लिए आत्मविश्वास होना आवश्यक है " विषय पर सात-आठ वाक्य लिखो ।

## विभाग २ - पद्य (अंक १०)

२. अ) निम्नलिखित पद्यांश पढकर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए । ५

छेदकर काँटा किसी की उँगलियाँ,
फाड देता हैं किसी का वर वसन,
प्यार डूबी तितलियो के पर कतर,
भौंर का है वेध श्याम तन ।।
फूल लेकर तितलियों को गोद में,
भौंर को अपना अनूठा रस पिला,
निज सुगंध 'औ' निराले रंग से,
है सदा देता कली जी की खिला ।।

१) आकृति पूर्ण कीजिए । २

काँटा ऐसा करता है ।

२) विलोम शब्द लिखो । १

अ) प्यार x ब) सुगंध x

३) फूलों के उपयोग के बारे में लिखिए । २

ब) निम्नलिखित पद्यांश पढकर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए । ५

लूट लिया माली ने उपवन
लूटी न लेकिन गंध फूल की,
तूफानों तक ने छेडा पर
खिडकी बंद न हुई धूल की,
नफरत गले लगाने वालो ।
सब पर धूल उडाने वालो ।
कुछ मुखडों की नाराजी से दर्पन नहीं मरा करता हैं ।

१) आकृति पूर्ण कीजिए । १

अ) इन की नाराजी से दर्पन नहीं मरा करता हैं - ____

ब) माली ने यह लूट लिया - ____

२) रिक्त स्थान की पूर्ति करो । १

अ) तुटी न लेकिन ......... फूल की ।

ब) ......... गले लगाने वालो ।

३) प्रस्तुत पद्यांश की प्रथम चार पंक्तियों का भावार्थ लिखिए । २

## विभाग : ३ व्याकरण (अंक ७ )

३.अ) निम्नलिखित शब्दो के समान अर्थवाले शब्द लिखो । १

१) आँसू - २) जंगल -

ब) निम्नलिखित शब्द के विरुद्ध अर्थवाले शब्द लिखो । १

१) सफलता x २) हार x

क) निम्नलिखित शब्दों का लिंग पहचानकर लिखिए । १

१) कुंदन - २) फीस -

ड) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखो । १

१) घोसला - २) अंडे -

इ) दिये गये शब्दों को उपसर्ग और प्रत्यय लगाकर लिखिए। (सिर्फ १) १

१)




२)




ई) निम्नलिखित वाक्य में उद्देश्य और विधेय अलग करके लिखो।(सिर्फ १) १

१) हिमालय देश का गौरव है । २) मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है ।

उ) निम्नलिखित मुहावरे का सार्थक वाक्ये में प्रयोग कीजिए। (सिर्फ १) १

१) मुँह लटकाना । २) गले लगाना ।

## विभाग ४ - रचना विभाग (अंक १५ )

४. अ) दिए गए मुद्दों के आधारपर कहानी लिखिए । ५

किसी गाँव में एक नाई का रहना .... सौभाग्यवश एक मुर्गी मिलना .... रोज एक सोने का अंडा देना ..... नाई के दिन सुख और चैन से बितना .... नाई का सोचना .... मुर्गी के पेट में बहुत अंडे ..... एक ही दिन में लखपति बनने का लालच ..... मुर्गी का पेट चिरना ..... अंडो का न मिलना ..... पश्चाताप .... सीख ।

ब) निम्नलिखित गद्यखंड का हिंदी में अनुवाद कीजिए । ५

एके दिवशी कुंभार संध्याकाळी घरी आला. त्याला पाहून गाढवाने आपले शेपूट हलवले. मग आपले पुढचे दोन पाय कुंभाराच्या पोटावर ठेवले, त्याबरोबर कुंभार रागावला त्याने एक मोठी काठी घेतली आणि गाढवाला बदड बदड बदडले. बिच्याऱ्या गाढवाला कुत्र्याची नक्कल फार महाग पडली.

क) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषयपर दस-बारह पंक्तियों में निबंध लिखिए । ५

१) वाचन मेले की सैर । २) मेरी दादीमाँ ।

३) यदि मै अंतरिक्ष बन जाऊ तो .... !